दि. 28/3/11

सेवा में,

निदेशक (आई.ई.सी.)
निदेशालय चिकित्सा, एवं स्वास्थ्य सेवाएँ
जयपुर

विषय :- आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाला आपका विज्ञापन ।

~~महोदय~~,

महोदय,

निवेदन है कि आकाशवाणी पर आपका एक स्वास्थ्य शिक्षा सम्बन्धी विज्ञापन प्रसारित होता है । यह इस प्रकार है-

या समझो और समझाओ / टीका टाबर ने लगवाओ - - - - - - - - - -
टी.बी. और तपेदिक - - - - - - या दोनों की छुट्टी कर दे बी.सी.जी. को टीको

महोदय, टी.बी. और तपेदिक एक ही बात है । ये दो बीमारियाँ नहीं हैं तो जनता में यह भ्रांति क्यों फैलायी जा रही है कि बी.सी.जी. का टीका दो रोगों से बचाव करता है ? सूचना एवं संचार क्रांति के इस युग में ऐसी गलत सूचनाएँ समाज में पहुँचाना गैर उत्तरदायी प्रवृत्ति है । इससे विद्यार्थियों तथा प्रतियोगी परीक्षार्थियों सहित आम जन के मन में सदैव के लिए यह स्थापित हो जाता है कि टी.बी. एवं तपेदिक दो भिन्न बीमारियाँ हैं ।

कृपया त्रुटि दूर करके संशोधित विज्ञापन प्रसारित करावें ।

भवदीय

(डॉ. एस.के. कटारिया)
81/91 नीलगिरी मार्ग
मानसरोवर, जयपुर - 20 राज.

Scanned with OKEN Scanner